4th class Hindi Bodh Ch.5 Ques.Ans.(Likhit)

लिखित(प्रश्न उत्तर)

**क) लकड़हारे की माँ और पत्नी ने उसे परी से क्या वरदान माँगने को कहा ?**

**उत्तर- लकड़हारे की मां ने आँखें और पत्नी ने उसे संतान परी से वरदान में माँगने को कहा ।**

**ख) लकड़हारा क्या देखकर डर गया ?**

**उत्तर- लकड़हारा चिड़िया के लगातार बढ़ते आकार को देखकर डर गया ।**

**ग) चिड़िया ने लकड़हारे को अपने बारे में क्या सच बताया ?**

**उत्तर- चिड़िया ने लकड़हारे को अपने बारे में यह सच बताया कि वह वास्तव में एक परी है ।**

**घ) परी लकड़हारे को क्या उपहार देना चाहती थी और क्यों ?**

**उत्तर- लकड़हारे ने परी की जान बचाई थी इसलिए वह उसकी कोई एक इच्छा पूरी होने का उपहार देना चाहती थी ।**

**ड़) लकड़हारा रात भर क्या सोचता रहा ?**

**उत्तर- लकड़हारा रात भर सोचता रहा कि वह परी से उपहार में क्या माँगे ।**

ङ) लकड़हारे ने परी से क्या वरदान माँगा?

उत्तर- लकड़हारे ने परी से यह वरदान माँगा कि उसकी माँ अपने पोते- पोतियो को संपन्नता (अमीरी) में खेलते हुए देखे।